**महत्वपूर्ण न्यूज**

## प्रवासी मजदूर की लखनऊ में संदेहास्पद मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के सुल्ताना निवासी प्रवासी मजदूर की लखनऊ उत्तर प्रदेश में संदेहास्पद मौत हो गई। सुल्ताना निवासी मोहम्मद शरीफ के पुत्र मोहम्मद आजाद लखनऊ में राजमिस्त्री का काम करता था। तीन महीना पूर्व वह अपने गांव के ठेकेदार मोहम्मद आजाद से जो लखनऊ में बिल्डिंग बनाने आदि का काम करता है उसी के पास काम करने गया था और वहां राज मिस्त्री का काम कर रहा था। मृतक के परिजनों को ठेकेदार के द्वारा बताया गया की आपके लड़के का पेट में पथरी फट गया है और उसका इलाज लखनऊ में किया जा रहा है। खबर सुनकर मृतक की मां जब लखनऊ पहुंची तो अस्पताल के बरामदे में उसका बेटा मृत पड़ा हुआ था। जब इस बात को उसने ठेकेदार को बताया तो ठेकेदार के द्वारा कहा गया कि सब ठीक है तथा उसको लेकर हम झारखंड जाएंगे और रांची अपोलो में इसका इलाज करवाएंगे। ठेकेदार की मां को ट्रेन में बिठा दिया गया जबकि मृतक को एंबुलेंस के द्वारा सुल्ताना कटकमदाग ले आया गया। मृतक के घर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था, इसी बीच मृतक के अंतिम संस्कार के लिए जब उसे नहलाया जा रहा था तो शरीर पर दिखे निशान को लेकर परिजनों को संदेह पैदा हुआ क्योंकि मृतक के पूरे शरीर पर गहरी चोट के निशान तथा ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसे किसी लोहे के रॅड से मारा गया हो। यह सब देखकर गांव वालों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया तथा इस बात की सूचना कटकमदाग थाने को दिया। पुलिस के परिजनों की मांग पर शव का पोस्टमार्टम शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करवाकर परिजनों को सौंप दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही थी। वहीं सुल्ताना निवासी ठेकेदार आजाद ने कहा कि जो भी आरोप लगाया गया है वह निराधार है। मैं यही सुल्ताना में रहता हूं तथा मेरा भाई भी उस दिन साइड पर नहीं था जहां यह घटना हुई। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## पशुधन योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत सचिवालय में पशुधन योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन मुखिया रेखा देवी की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम सभा में पंचायत के डहरभंगा, बौधा, केसडा, गोधिया, घुघलिया समेत अन्य गांव के ग्रामिण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुआ। ग्राम सभा के माध्यम से पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा मांगे गये लाभुकों का चयन किया गया जिसमें बकरी पालन, गाय पालन, सुवर पालन, बत्तख पालन है। सभी लाभुकों को आरक्षण के आधार पर सब्सिडी दिया जायेगा।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने की पीओ के साथ वार्ता



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (यूनियन) के द्वारा सीसीएल बरका सयाल श्रेत्र के सयाल डी परियोजना में उत्खनन कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण के एवज में जमीन मालिकों ने नौकरी, मुआवजा, रोजगार और विस्थापन को लेकर परियोजना पदाधिकारी को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था।जिसे लेकर परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने यूनियन के साथ जमीन मालिकों को वार्ता के लिए सोमवार को बुलाया। पांच सूत्री मांगों को लेकर पीओ के साथ सफल वार्ता हुई। जिसमें सभी मांगों पर सहमति बनी। वहीं परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि जिन विस्थापितों का जमीन अधिग्रहण हुआ है। उन्हें दस्तावेज के साथ आवेदन देने के पश्चात क्रियान्वित किया जायेगा। कोई सेल समिति नही बना है जबतक सभी ग्रामीण एकजुट होकर नहीं आते हैं तब तक सेल नही चलेगा। वहीं बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिनका जमीन गया है उन परिवारों के बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। आर आर पालिसी के तहत मुआवजा और जमीन दिया जायेगा। विस्थापन नीति के तहत रैयतों को विस्थापन कार्ड मिलेगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी सुबोध, महासचिव सतीश, संजय, इंद्रदेव, विनोद, रंधीर, बिनोद, गोवर्धन, ब्रजेश, अशोक, रामदेव, राजकुमार, महेंद्र, सहित रैयत मौजूद थे।

## गौरी शंकर धाम में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गौरीशंकर धाम में सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर कांवड यात्रा का शुभारंभ उप प्रमुख राजनारायण सिंह, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, पूजा प्रबंध समिति के महासचिव सतीश पांडेय ने विधिवत पूजन अर्चना कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। कावड़ यात्रा गौरी शंकर धाम पहरीडीह से थाना चौक, मोदी मोहल्ला, सांथ, तरवन होते हुए उतरवाहिनी बनाकर नदी उदालो में पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः गौरी शंकर धाम मंदिर में भोले शंकर एवं माता पार्वती को जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में तापेश्वर सिंह, राहुल सिंह, पंकज सिंह सहित सैकडों महिला पुरुष शामिल थे।

## रामवि सयाल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संयोजिका का चयन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल उत्तरी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय सयाल में पतरातु इएएड के निदेर्शानुसार रटउ की बैठक बुलाकर पंचायत के मुखिया श्रीमती आशा देवी की अध्यक्षता में सदस्यों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संयोजिका का चयन किया गया। अध्यक्ष अनीता देवी, उपाध्यक्ष सरशार अहमद, और संयोजिका सरिता कुमारी बनी। साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच 150 स्कूल बैग का वितरण पंचायत के मुखिया आशा देवी और मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव के द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया आशा देवी न कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय सहित मैं अपने से सार्थक कदम उठाती रहूंगी बच्चों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई और मध्यान भोजन में किसी प्रकार की लापरवाही बरदास नहीं करूंगी। अभिभावकों से अपने अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की साथ ही शिक्षकों के साथ अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव ने कहा की राजकीय मध्य विद्यालय सयाल जिला में नंबर वन स्थान पर लाकर खड़ा कर दूंगा। मौके पर प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, वार्ड सदस्य गीता कुमारी, पूनम देवी, कांति कुमारी, सीता देवी, संगीता देवी, श्रीकांत प्रसाद, तमन्ना परवीन, कुमकुम आदिल वारसी उपस्थित थे।

### बीएसएफ मेरू कैंप में रोजगार मेला का आयोजन

# नियुक्ति पत्र पाकर खिल गये 212 युवाओं के चेहरे

**युवाओं ने किया खुशी का इजहार**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 से देश के 10 लाख युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम रोजगार मेला के 08वें चरण में 51106 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इस अभियान के तहत देश के सभी राज्यों से चुनें गये नये कमीर्यों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय के तहत कई संगठनों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब इन्सपेक्टर (जनरल ड्यूटी) और नॉन जनरल ड्यूटी कैडर जैसे कई पदों पर नियुक्ति की जा रही है और रोजगार के अवसर प्रदान कर राष्ट्र को सबल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशिक्षण केन्द्र और विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें दानियल अधिकारी, महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र व देवी सरन सिंह, उप महानिरीक्षक (प्रशा), प्रशिक्षण केन्द्र और विद्यालय, हजारीबाग द्वारा मुख्य अतिथी के रूप में पहुची अन्नपूर्णा देवी, शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत उन्हे परिसर स्थित शान-ए-मगध अतिथी गृह में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए संबोधित किया। जिसमें उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को कहा कि उन्हे राष्ट्र सेवा का यह सुअवसर प्राप्त हुआ है। आप अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करे। मुख्य अतिथी अन्नपूर्णा देवी ने झारखण्ड और बिहार राज्य के केन्द्रीय सुरक्षा बलों में चयनित कुल 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर उमेश प्रसाद मेहता, चेयरमैन जिला परिषद हजारीबाग मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथी ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सावन की अंतिम सोमवारी को विधायक ने किया बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक

## बुढ़वा महादेव भगवान भोलेनाथ की उपासना का मुख्य केंद्र : अंबा प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** सावन माह की अंतिम सोमवारी को बड़कागांव के महूदी पहाड़ मे स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंची एवं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की इस दौरान महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गयी, वहीं अंतिम सोमवारी को बड़ी संख्या में शिव भक्त हरली शिव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ जल उठाकर महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक किया। इस दौरान विधायक के द्वारा प्रसाद में खीर पुड़ी का वितरण भी श्रद्धालुओं के बीच किया गयो विधायक अहले सुबह सैकड़ों शिव भक्तों के साथ मंदिर परिसर पहुंची और बाबा भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए शिवलिंग पर जल चढ़ाते हुए पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बड़कागांव का बुढ़वा महादेव शिव उपासना का मुख्य केंद्र है तथा बुढ़वा महादेव में महाशिवरात्रि पर्व और श्रावणी पर्व मनाने की परंपरा 600 साल पुरानी है। राज्य सरकार ने बुढ़वा महादेव को पर्यटन क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया है।

उन्होंने कहा कि बुढ़वा महादेव मंदिर में कई विकास योजनाओं का क्रियान्वयन आगामी दिनों में करवाई जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, अंकित राज, रोहित सिंह, बिंदु दांगी, चंदन गुरु, कुलेशवर महतो समेत कई लोग थे।

### अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिये टीबी के 70 नये मरीजों को प्रदान किया तीसरे चरण का पोषण किट

## टीबी के गोद लिये गये 60 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सीएसआर के तहत लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन**




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को तीसरे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है, जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण युक्त भोजन करने से यह बीमारी जल्द ठीक हो जाती है। इसलिए पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गये इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के कई गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है।

## बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक को लेकर उमड़ा जन सैलाब

### विधायक मनीष जायसवाल और अंबा प्रसाद ने हजारों श्रद्धालुओं के बीच किया खीर, पूड़ी का वितरण







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** सावन के अंतिम सोमवारी को 110 किलोमीटर दूरी तय कर पैदल रजरप्पा छिन्नमस्तके भैरवी नदी से जल लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु झांकी और जुलूस के साथ बड़कागांव महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंच कर जलालभिषेक किया। जहां पर हजारों श्रद्धालुओं के बीच हजारीबाग सदर विधायक सह बड़कागांव माटी पुत्र मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा चयनित कमेटी के नेतृत्व में खीर व पुडी का वितरण किया गया। साथ ही साथ मनीष जायसवाल द्वारा बुढ़वा महादेव परिसर को पर्यटक स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की घोषणा की गयी। जायसवाल ने कहा कि बड़कागांव हमारी मातृभूमि है और मातृ भूमि की सेवा करना हमारा अपना कर्तव्य है व्यक्ति चाहे जितने भी ऊंचे पायदान पर चले जाए पर अपने मातृभूमि से विमुख नहीं हो सकता । श्लोक को दोहराते हुए कहा कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। मां और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। जिसके बिना जीवन नहीं हो सकता। इसलिए अपने मातृभूमि की सेवा हेतु मैं अपने सर्वस्व जीवन न्योछावर को तत्पर हूं। वही अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि बुढ़वा महादेव के आशीर्वाद से क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राज्य का विकास हो और सभी लोग मिलकर मिलजुल कर विकास में सहयोग करें। वहीं बुढ़वा महादेव सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि उक्त आयोजन में समिति की कठोर परिश्रम शामिल है।

**कौन-कौन झांकी, जुलूस में हुए शामिल**

बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के दर्जनों गांव जिसमें गरीकला, बड़कागांव, गुरु चट्टी, कांडतरी, सांढ़, छ्पेरवा, सोनपुरा, मिजार्पुर , पिपराडीह, शिवाडीह, होरम, बिश्रामपुर, गोसाई बलिया, नपोखुर्द, डोका टांड़, खरांटी, महुदी, हरली, बादम, राउतपारा समेत दर्जनों गांव के 50 से ऊपर जुलूस व झांकी मैं शामिल हजारों लोग बुढ़वा महादेव परिसर पहुंचकर जलाभिषेक किया।

## डुमरी उपचुनावः महुआ माजी ने किया जनसंपर्क



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** आईएनडीआईए प्रत्याशी झामुमो की बेबी देवी के पक्ष में राज्य सभा सदस्य महुआ माजी ने डुमरी के कई इलाकों में जनसंपर्क किया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता के लिए स्वर्गीय जगरनाथ महतो ने दिन रात मेहनत किया, जिसके कारण डुमरी में आज सड़क, बिजली, कॉलेज सहित जनहित में अनेकों काम हुए हैं, जिसके कारण यहां की जनता ने उन्हें टाइगर नाम की उपाधि दी है। राज्य सभा सदस्य ने इसी के साथ उनके कार्यों और उपलब्धियों की फेहरिस्त पेश किया। उन्होंने डुमरी प्रखण्ड के सुइयाडीह पंचायत, जांगीदीरी, नागाबाद, पूणाडीह, यादव मोहल्ला,पहाड़िया चौक हरिजन मोहल्ला, खुदीसार पंचायत चुनाव कार्यालय नावाडीह चुनाव कार्यालय डुमरी चुनाव कार्यालय समेत कई छेत्रो का दौरा किया और बेबी देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## जब पेड़-पौधे रहेंगे हरे-भरे, तो हम भी रहेंगे हरे-भरे : डॉ प्रभात



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई क्षेत्रों में नेशनल आयुष मिशन झारखंड के तहत जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा डॉ. प्रभात कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर के डॉक्टर संदीप कुमार के द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय लतबेधवा, आयुष ग्राम के प्राथमिक विद्यालय इरगोबाद, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सरमाटांड में हर्बल पौधारोपण किया। पंचायत सचिवालय सतडीहा, मध्य विद्यालय सतडीहा, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सतडीहा के ग्रामीणों के बीच घर-घर जाकर हर्बल पौधा वितरण किया। वहीं जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभात ने बताया कि जब पेड़ पौधे रहेंगे हरे भरे, तो हम भी रहेंगे हरे भरे। इस दौरान जामुन, पपीता, अर्जुन, अनार, आंवला आदि पेड़ का वितरण किया। मुख्य रूप से योग प्रशिक्षक कैलाश लाल बर्णवाल, डॉ. अंकिता, डॉ. आलम, सहिया मंजु देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## भक्तों ने निकाली जल यात्रा, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मे सावन के अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिरो में पूजा अर्चना को लेकर भीड़ उमड़ी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण अंतिम सोमवार को जल यात्रा को लेकर शिव भक्त सुबह छह बजे मंदिर परिसर पहुंचे। जहां से प्रखंड के विभिन्न उत्तरवाहिनी नदी के लिए निकले सभी श्रद्धालु नदी घाट से जल संकल्प कर पुनः पदयात्रा करते हुए जय भोले, ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के साथ अपने अपने शिव मंदिर पहुंचे। जहां सभी भक्तों ने भगवान के शिवलिंग पर जल अभिषेक कर भगवान शिव की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। देवों के देव महादेव को पूजा अर्चना कर परिक्रमा कर फूल बेलपत्र चढ़कर सुख समृद्धि की कामना की।

## बाबा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खारियोडीह बाबा धाम में सावन के अंतिम सोमवारी पर हर हर महादेव के जयकारों के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। बताते चलें कि जयनगर प्रखंड के खरियोडीह पंचायत स्थित बाबा धाम में सावन, कार्तिक, माघ महीने के अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ में उमडती है। जहां भक्त श्रद्धालु सुख शांति का आशीर्वाद मांगते हैं। इस सावन के अंतिम सोमवारी में हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। प्रखंड के तिलोकरी, खारियोडीह, अलगडीहा, कुरूमडीहा, बेहराड़ीह सहित दर्जनों गांव के लोगों ने सोमवारी के अवसर पर बाबा खरियोनाथ धाम पहुंचकर पूजा अर्चना किया। मान्यता के अनुसार पूजा अर्चना करने से भक्तों की मनोकामना भोले बाबा शीघ्र ही पूरा करते हैं। प्रत्येक दिन दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए जलाभिषेक करते हैं।

## पलांडू में पानी टंकी से बिना पानी सप्लाई हुए बिजली बिल भेजने का आरोप



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के ग्राम पलांडू में स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप विगत आठ-नौ (8-9) वर्षों पूर्व मिनी जलापूर्ति योजना के तहत पानी सप्लाई टैंक का निर्माण हुआ है। जिसके तहत पूरे पलांडू गांव के लगभग 200 घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाना था। लेकिन सिर्फ पानी टंकी का निर्माण हुआ और पाईप कनेक्शन का कार्य भी अधूरा ही रह गया जो अब तक कार्य पूरा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि बिना पानी सप्लाई हुए बिजली विभाग के द्वारा बिना जांच पड़ताल किये ग्राम -जल और स्वच्छता समिति, पलांडू के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी के नाम से लगातार बिजली बिल भेजा गया। वर्तमान में विद्युत उपभोक्ता संख्या टीएल00088ऐ, कुल-32,458.49 रुपए (बत्तीस हजार चार सौ अंठावन रुपए उनचास पैसे) का बिल भेजा गया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने सहायक विद्युत कार्यपालक अभियंता को आवेदन देने के बात कही है। जिसे लेकर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि हम ग्रामीणों द्वारा यह बिजली बिल स्वीकार नहीं है। ग्रामीणों द्वारा कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों के पास शिकायत किया गया है। लेकिन इसके ऊपर कोई पहल नहीं किया गया है। अंततः हम ग्रामीणों का आप मीडिया के माध्यम अनुरोध है कि इस जलापूर्ति योजना को बनाने वाले कंपनी के संवेदक पर प्रशासनिक कार्रवाई हो अन्यथा उपरोक्त विद्युत उपभोक्ता संख्या - टीएल00088ऐ बंद कर बिजली बिल माफ कर दिया जाय। मामले को लेकर बिजली विभाग के एसडीओ अरविंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है जांच करने के उपरांत ही कुछ कहां जा सकता है।

## बाइक से गिर कर तीन युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत लोहा सीकर के समीप बाइक से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान पवित्र कुमार (उम्र 20 वर्ष), दिनेश कुमार (उम्र 22 वर्ष), कुलदीप कुमार (उम्र 22 वर्ष) सभी बेड़ोकला के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बेडोकला कोडरमा की तरफ आने के दौरान लोहासीकर के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज करके पवित्र कुमार को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दो युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## एसपी ने जिले के चार थाना प्रभारियों का किया तबादला

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने जिले के चार थाना प्रभारी का तबादला कर दिया है। सोमवार को उन्होंने लिस्ट जारी करते हुए बताया कि भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार को पतरातू थाना प्रभारी बनाया गया है। बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला को बरकाकाना ओपी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा रामगढ़ थाने में पदस्थापित विकास आर्यन को बासल थाना प्रभारी बनाया गया है। भुरकुंडा ओपी में पदस्थापित मयंक कुमार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी बनाया गया है। पतरातू और बरकाकाना प्रभारी हुए लाइन क्लोज रामगढ़ एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह और बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश को लाइन क्लोज किया है।

## रजरप्पा मंदिर में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं भीड

रजरप्पा । श्रावण मास के अंतिम सोमवारी पर हजारों शिव भक्तों की उमड़ी भीड़ मध्य रात्रि में ही क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण शहरी- इलाकों से पहुंचे श्रद्धालु और सुबह दामोदर भैरवी संगम स्थल से संकल्प करने के बाद जल उठाया श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न शिबालयों में जलाभिषेक किया गया।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

## अंतिम सोमवारी पर शिव भक्तों को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने फल और शरबत का वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। सावन के पवित्र महीना की अंतिम सोमवारी के शुभ अवसर पर चितरपुर ओवरब्रिज के समीप आजसू छात्र संघ चितरपुर द्वारा पदयात्रा निकले कांवर यात्रियों के लिए शिवभक्तों के बीच खाद्य सामग्री दिया गया जिसमें मुख्य रूप से सेव नाशपाती केला तथा अल्पाहार और सरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुये। वही सांसद के पहुंचने पर आजसू छात्र संघ पदाधिकारियों और कार्यकर्ता शामिल थे इस मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हजारों शिव भक्तों को सावन महीना की शुभकामनाएं दी तथा दर्जनो श्रद्धालुओं के बीच भगवा वस्त्र और गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा, जगदीश महतो, विभावि प्रभारी अनुराग भारद्वाज, जिला सचिव सुबिन तिवारी, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष भानुप्रकाश महतो, छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष राजू गिरी, कोषाध्यक्ष लालू महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पहली बार निकली भव्य जलाभिषेक यात्रा



कुजू। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों ने कुजू में पहली बार टूटी झरना मंदिर परिसर से सावन माह की अंतिम सोमवारी पर प्राचीन शिव मंदिर कुजू में स्थापित शिवलिंग का भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाली। जलाभिषेक यात्रा में पांच हजार से अधिक शिवभक्तों ने हर-हर महादेव, बोल-बम के जयघोष के बीच आस्था का परिचय दिया। जलाभिषेक यात्रा में मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, मुखिया राकेश कुमार उर्फ रॉक, कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, मंदिर अध्यक्ष अर्जुन मेहता, विश्वजीत, नीरज झा, आकाश सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र, सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली की हुई कामना



भुरकुंडा। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रावण माह के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र व प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान हर हर महादेव, ऊः नमः शिवाय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं सावन माह के अंतिम सोमवारी पर भुरकुंडा, रिभर साईड, लपंगा, चैनगडा, सौंदा डी, हॉस्पीटल कॉलोनी, कुरसे, चिकोर, लादी, देवरिया, मतकमा, पाली, निमी, सुद्दी, बलकुदरा, बासल आदि क्षेत्रों के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गयी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित शीतला मंदिर में शिव पुराण पाठ के बाद सोमवार को रूद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद भव्य भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खेल में सफलता के लिए नित्यदिन अभ्यास जरूरी:एसडीओ



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाने वाले खिलाड़ियों को रामगढ़ एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन ने किया सम्मानित किया। बताते चले की रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने क्षेत्र स्तर पर भागलपुर में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में दो गोल्ड अपने नाम किए थे। इस प्रतियोगिता में झारखंड और बिहार के टीम ने हिस्सा लिया था। मौके पर मोहम्मद हुसैन ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा खेल में सफलता हासिल करने के लिए प्रतिदिन अभ्यास की जरूरत होती है। इससे शरीर भी स्वस्थ रहेगा पढ़ाई के साथ-साथ अभ्यास भी जरूरी है। अब यह खिलाड़ी अक्टूबर में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जोधपुर, राजस्थान जाएंगे। मौके पर रांची विभाग के विभाग निरीक्षक फणिंद्रनाथ झा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## डीएमइ ने रेलवे कर्मचारियों के लिए जलपान गृह का किया उद्घाटन



पतरातू (आजाद सिपाही)। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा दो के सचिव अजीत कुमार के द्वारा लगातार किए जा रहे मांग को सोमवार को रेलवे अधिकारियों द्वारा पूरा किया गया। इससे पतरातू डीजल शेड के सुपरवाइजर और कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। इसीआरकेयू के द्वारा कैंटीन परिसर में सुपरवाइजर के लिए अलग जलपान गृह की मांग की गयी थी। इसका निर्माण मंडल सहायक अभियंता बरकाकाना परमानंद प्रसाद के सहयोग से करवाया गया। सोमवार को देर शाम इसका उदघाटन डीएमई अनुराग के द्वारा फीता काट कर किया गया। साथ मे मंडल बिद्युत अभियंता अमित कुमार, वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य )विनय कुमार, मुनीब अंसारी, उमाकांत सिंह साहित्य अन्य कई अधिकारी, सुपरवाइजर व कर्मचारी शामिल थे।

## सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया ने पीसीसी पथ निर्माण को ले पतरातू बीडीओ को सौंपा पत्र



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया अभय कुमार ने पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्र के आलोक में अपने पंचायत अंतर्गत दो मुख्य सड़कों के निर्माण डीएमएफटी फंड से कराने को लेकर पंचायत सेवक के माध्यम से बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि सीसीएल सौंदा पंचायत की दो मुख्य सड़क कई दशको से जर्जर और उपेक्षित पड़ा है। जबकि यहां की आबादी के लिए आने-जाने का यही मुख्य मार्ग है। सड़क के जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पत्र के माध्यम से मुखिया ने बीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रासबिहारी राय के हनुमान मंदिर से लेकर शिव मंदिर होते हुए बिल्लू सिंह के घर तक और सीसीएल सौंदा पंचायत भवन से लेकर नलकारी नदी पर पुलिया सहित बुढ़वा महादेव मंदिर तक डीएमएफटी फंड से पीसीसी पथ का निर्माण कराने की मांग की है।

## झामुमो नेता ने डीएस टाइल्स दुकान का किया उद्घाटन



कुजू (आजाद सिपाही)। झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने हेसागढ़ा चौक में डीएस इंटरप्राइजेज मॉडर्न टाइल्स दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि हेसागढ़ा चौक में मॉडल टाइल्स दुकान खुलने से पंचायत वासियों समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र वासियों को खरीदारी करने के लिए रामगढ़, रांची और हजारीबाग जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर लालचंद महतो, मुखिया रोपण देवी, सागर महतो, भीम महतो, सुरज महतो, पन्नालाल मुर्मू, सानू मदन सोरेन, दिनेश हंसदा, प्रदीप, फादू महतो, भूपेंद्र महतो, कृष्णा महतो शामिल रहे।

## नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का रसदा में बीड़इओ ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों में हर्ष



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। लबगा पंचायत स्थित रसदा ग्राम में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन बीईईओ प्रभाकर कुमार, लबगा पंचायत की मुखिया हेमा कुमारी और बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने क्षेत्र में बच्चों के लिए ऐसे प्ले स्कूल की कमी को देखते हुए इसका स्वागत किया। बीईईओ प्रभाकर कुमार ने विद्यालय के निदेशक आशुतोष चैबे शुभकामनाएं देते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया कि वद्यालय के सभी बच्चे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। मौके पर दर्जनों अभिभावक मौजूद थें।

## भारतीय यादव महासभा शताब्दी समारोह को सफल बनाने के लिए संयोजक मनोनीत



चतरा(आजाद सिपाही)। आगामी पांच नवंबर को चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित अखिल भारतीय यादव महासभा के शताब्दी समारोह को सफल बनाने के लिए जिले के सम्मानित समाजसेवी यदुवंशियों की एक बैठक उत्सव पैलेस जिला परिषद के प्रांगण में की गयी। बैठक में चयनित हुए चतरा जिला के जिला परिषद सदस्य, प्रखंडों के प्रमुख, पंचायत के मुखिया प्रत्येक प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष और सम्मानित बुद्धिजीवियों की बैठक होना सुनिश्चित की गयी। इस मौके पर बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीतांबर दास यादव और विशिष्ट अतिथि बली यादव ,रंजन यादव, अरुण कुमार यादव,नीलम यादव के अलावा जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव, जिला कोषाध्यक्ष ललन यादव की गरिमामय उपस्थिति रही।

## हंटरगंज में थाना दिवस का आयोजन किया गया

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में सोमवार को अंचलाधिकारी मो जुल्फेकार अंसारी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया।इस मौके पर जमीन से जुड़े कई मामले सामने आया। जिसमें बारी बारी से दोनों पक्षों की शिकायतों को सुना गया। इस मौके पर एएसआई नंद जी यादव और हल्का कर्मचारी दिनेश चौधरी के अतिरिक्त दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं से करायेंगे अवगत: विनय

**शहरी क्षेत्र के जमीन की रजिस्ट्री की समस्या को लेकर निबंधन पदाधिकारी से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में जिला अवर निबंधन पदाधिकारी मनोजित कुमार से मिलकर शहरी क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने से व्यापारियों एवं आम जनों को हो रही परेशानी के बारे में जानकारी दिया। अनुरोध किया है कि इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई करते हुए उचित रास्ता निकालकर निबंध की प्रक्रिया को आरंभ कराया जाए। इस पर जिला अवर निबंधन पदाधिकारी ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उनके द्वारा इस संबंध में राज्य सरकार और अन्य सभी संबंधित विभागों को पत्राचार कर शहरी क्षेत्र की जमीन का निबंध नहीं होने के बारे में अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में जैसे ही निर्देश प्राप्त होगा वह शहरी क्षेत्र की जमीन का निबंध प्रारंभ कर देंगे। इस संबंध में चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि वह शीघ्र ही राजस्व विभाग के सचिव, मुख्य सचिव और आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने का आग्रह करेंगे।

## पांच सूत्री मांग पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ औरी प्रबंधन के बीच हुई वार्ता

## सकारात्मक पहल का मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



भुरकुंडा। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की पांच सूत्री मांग-पत्र के आलोक में सोमवार को सयाल परियोजना पदाधिकारी के साथ वार्ता हुई। वार्ता में पांच-सूत्री मांगों से संघ ने प्रबंधन को अवगत कराया। जिसपर सयाल पीओ सुबोध कुमार ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान पीओ ने कहा कि जिन विस्थापितों की जमीन अधिग्रहित हुई है वे दस्तावेज के साथ आवेदन दें। इसके बाद क्रियांवति किया जायेगा। सेल को लेकर उन्होंने कहा कि अभी तक कोई सेल समिति नहीं बना है। जब तक ग्रामीण एक होकर नहीं आते तब तक सेल नहीं चलेगा। बैठक में निर्णय हुआ कि जिनका जमीन गया है उन बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जायेगा। साथ ही आरआर पॉलिसी के तहत मुआवजा व जमीन भी दिया जायेगा। वहीं विस्थापन नीति के तहत रैयतो का विस्थापन कार्ड भी मिलेगा। वार्ता में पीओ सुबोध कुमार व यूनियन की ओर से महासचिव सतीश सिन्हा, बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, बिनोद कुमार, रंधीर साव, विनोद सिंह, गोवर्धन सिंह, ब्रजेश सिंह, अशोक पाठक, रामदेव सिंह आदि शामिल थें।

## प्रयागमय हो जाता है वह स्थान जहां शिवपुराण की कथा होती है: राम कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित प्राचीन मां शीतला मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय महा शिवपुराण कथा का सोमवार को भव्य भंडारा के साथ समापन हो गया। इस दौरान कथा वाचक व मुख्य आचार्य पंडित रामकुमार पाठक ने सात दिनो तक कथा का वाचन करते हुए इसके प्रभाव व महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। उन्होने बताया की महा शिवपुराण की कथा जिस भी स्थान पर होती है वो स्थान प्रयागमय हो जाता है। श्रावण माह के अंतिम सोमवारी को लेकर 108 पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक रुद्रभिषेक के साथ हवन-पूजन आदि धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चो ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान में उत्तम सिन्हा, मुन्ना यादव, किशोर यादव, भोला सिंह, विनोद दुबे, राजन नायक, कंचन सिन्हा, मीना देवी, किरण देवी, पिंटू लाल, गणेश श्रीवास्तव सहित दर्जनों महिला-पुरूष भक्तजन शामिल हुए।

## वार्षिक कार्य योजना को लेकर पंचायत की बैठक संपन्न



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आहुत की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी तथा संचालन उपप्रमुख राहुल कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में वार्षिक योजना 2023- 24 को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा बैठक में अनेक बिंदुओ पर भी चर्चा किया गया। बैठक में अनुपस्थित रह रहे पदाधिकारी के विरुद्ध प्रस्ताव लिया गया। जिसकी सूचना उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को देने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्रमुख एवं उप प्रमुख के अलावे बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, पशुपालन पदाधिकारी डा. निरंजन कुमार निराला ,बीटीएम मुकेश कुमार, एटीएम सुधीर कुमार , पंचायत समिति अरविंद कुमार सिंह सहित पंचायत समिति सदस्य मौजूद थें।

## सुरक्षा गार्ड को पांच माह से मानदेय नहीं मिला



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात कमांडो सुरक्षा गार्ड को पांच माह से मानदेय नहीं मिला है। जिसके कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सुरक्षा प्रहरियों ने हजारीबाग से आयेसुपरवाइजर अजय यादव से मानदेय दिलाने के लिए गुहार लगाया। इस संबंध में सुरक्षा प्रहरियों ने बताया कि पांच माह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बतौर ड्यूटी किया जा रहा है। वेतन नहीं मिलने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वही बच्चों की पढ़ाई भी बाधित है। हालांकि सुपरवाइजर अजय यादव ने अनभिज्ञता जताते हुए बताया कि इस पर उच्च पदाधिकारी से बातचीत की जायेगी और जल्द मानदेय भुगतान कराया जायेगा। भुगतान नहीं पाने वालों में विनोद कुमार, दिनेश कुमार, उमेश यादव, साहित्य तीन दर्जन लोग शामिल है।

## बालिका उच्च विद्यालय के पूर्व सचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता की मनी प्रथम पुण्यतिथि



कुजू (आजाद सिपाही)। बालिका उच्च विद्यालय कुजू में विद्यालय संस्थापक सह सचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक, कर्मचारी व छात्राओं ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। मौके पर प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बैजनाथ प्रसाद गुप्ता द्वारा क्षेत्र व विद्यालय में दिए गये योगदान को याद करते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा के लिए इस क्षेत्र में एक धरोहर खड़ा किए और वर्ष 1985 से बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने का प्रयास किये।

## शनि देव मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन




पतरातु (आजाद सिपाही)। महाकाली मंदिर कटिया पीटीपीएस के प्रांगण में शनि मंदिर निर्माण के लिए सोमवार को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन समाजसेवी निशि पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेश्याम अग्रवाल, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, मुखिया किशोर कुमार व अन्य ग्रामीणों ने काली मंदिर प्रांगण में शनि मंदिर के लिए भूमि पूजन किया।

## स्वच्छ भारत ग्रामीण और जल जीवन मिशन को लेकर डीसी ने की बैठक

# 10 दिनों के अंदर 52 गावों की सामुदायिक कार्य योजना पूर्ण करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और जल जीवन मिशन को लेकर जिले में चल रहे कार्यों को लेकर सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान डीसी ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा की। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल अनिल गुप्ता और यूनिसेफ के सहयोगी संस्था के निर्भय कुमार द्वारा डीसी को जानकारी दी गयी की रामगढ़ जिला अंतर्गत 326 गावों में ओडीएफ प्लस रेटिंग के लिए 274 गावों का सामुदायिक कार्य योजना निर्मित करने का कार्य संपन्न कर लिया गया है। वहीं, शेष 52 गांव के सामुदायिक कार्य योजना निर्मित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में डीसी ने 10 दिनों के अंदर सभी 52 गावों की सामुदायिक कार्य योजना तैयार करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**योजनाओं का कार्य पूर्ण करने का निर्देश :** मौके पर डीसी को जानकारी दी गयी की वर्तमान में गावों को ओडीएफ प्लस के तहत रेटिंग दिलाने के लिए कुल 104 गांव को सामुदायिक कार्य योजना के तहत राशि आवंटित की गयी है। जिनमे 15 गांव में सोकपीट, नाडेप, वर्मी कंपोस्ट, कंपोस्ट पिट, प्लास्टिक कलेक्शन प्वाइंट व भस्मक निर्मित करने का कार्य चल रहा है। इस संबंध में डीसी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल को संबंधित गांव के ग्राम जल और स्वच्छता समितियों के साथ साप्ताहिक रूप से बैठक आयोजित कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने और 1 माह के अंदर सभी 104 गांव में सामुदायिक कार्य योजना के तहत ली गई योजनाओं का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही शेष बचे सभी गांव को ओडीएफ प्लस के तहत रेटिंग दिलाने के लिए तत्काल रूप से विभाग से आवंटन मांगने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

**31 अगस्त तक आरा मल्टी विलेज जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश:** जल जीवन मिशन के तहत जिले में चिन्हित कुल 141639 घरों को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल ने डीसी को जानकारी दिया कि अब तक कुल 90885 घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है। वही, शेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। साथ ही मल्टी विलेज स्कीम के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पतरातू प्रखंड में बारुघुटु मल्टी विलेज स्कीम, ऊरलूंग मल्टी विलेज स्कीम और पतरातू सेंसस टाउन मल्टी विलेज स्कीम का कार्य निमार्णाधीन है। इस दौरान डीसी ने 31 अगस्त 2023 तक निश्चित रूप से आरा मल्टी विलेज जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान डीसी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल को जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में सिंगल विलेज स्कीम और मल्टी विलेज स्कीम के तहत उपलब्ध कराए गए जलापूर्ति कनेक्शन के विस्तृत प्रतिवेदन यथा वर्तमान में गांव वार कितने घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है और उनमें कितने जिलापूर्ति कनेक्शन वर्तमान में कार्यरत हैं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
09

# पालकोट प्रखंड के बूढ़वा महादेव में कांग्रेस जिला पदाधिकारियों ने किया जलाभिषेक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सावन माह के अंतिम सोमवारी पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव, तरुण गोप, भुवनेश्वर राम, विनय लकड़ा, सोनू नायक, रूपेश सोनी, प्राकृतिक सुंदरता से घिरे सुंदर पहाड़ी के चारों ओर हरियाली और चट्टानों की तलहटी पर बसा पालकोट प्रखंड स्थित प्राचीन बुढ़वा महादेव देवगांव में सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया। कांग्रेस नेताओं भगवान से अपने मन की पवित्रता, स्वच्छता, सद्भावना की कामना करते हुए क्षेत्र, जिला, राज्य और देश के प्रति सभी महादेव के भक्तों के लिए सुखी जीवन की कामना की। चैतु उरांव ने कहा कि गुमला जिला के पालकोट देवगांव बुढ़वा महादेव धरोहर है। सभी महादेव के भक्तों का आस्था का केंद्र है। इसे हम सभी भक्तों को सहेज कर रखना है और इसके विकास के लिए हम सभी को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है। पुरोहित लखन कुमार मिश्रा एवं डमरू बाबा के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करायी गयी।

मौके पर सूरज देव सिंह, मदन सिंह और काफी संख्या में महादेव के भक्त उपस्थित थे।

# बूढ़ा महादेव मंदिर करमटोली में लायंस क्लब ऑफ ग्रेटर ने किया महाभंडारे का आयोजन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के द्वारा महा भंडारे का आयोजन किया गया। लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश लोहानी ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवारी के शुभ अवसर पर महाभंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में प्रसाद बिना लहसुन प्याज एवं सेंधा नमक से बना हुआ है। वहीं भंडारे के लिए श्रद्धालु भक्तों के लिए महाभंडारा सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 3 बजे तक वितरण किया गया। वहीं मंदिर में अंतिम सोमवारी को लेकर भक्त जनों की काफी भीड़ देखी गयी। पूजा अर्चना के बाद भक्तों ने महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# संत पात्रिक स्कूल की शिक्षिका ने बच्चे को होमवर्क नहीं बनाने पर छड़ी से की पिटाई, लगी आंख में चोट



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के नामचिन विद्यालय संत पात्रिक स्कूल की एक शिक्षिका ने द्वितीय कक्षा के एक बच्चे को होमवर्क नहीं बनाने व होमवर्क की कॉपी नहीं लाने को लेकर छड़ी से पिटाई कर दी। इसके बाद छात्र के माता-पिता छात्र को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला ले गए। वहीं परिजनों ने बताया कि छड़ी की पिटाई से बच्चे को आंख में चोट लगी है। वहीं पीड़ित छात्र ने बताया कि छड़ी से गाल व आंख के नीचे पिटाई की गई थी। वहीं इस संबंध में छात्र के माता-पिता छुट्टी के बाद बच्चे को लेकर विद्यालय पहुंचे और इसकी शिकायत विद्यालय प्रबंधन से की। इसके बाद विद्यालय में उल्टे छात्र के परिजनों को ही डांट-डपट की गयी। इसके बाद छात्र के माता-पिता काफी मायूस हैं। वहीं उन्होंने बताया कि इस बात की शिकायत कहीं करने पर हमें डर है कि बच्चे को विद्यालय से निकाल दिया जाएगा। इसी बात को लेकर परिजन मामले को लेकर चुप्पी साध लिए। लेकिन बच्चा पिटाई के डर से स्कूल नहीं जाने की बात कहने लगा। इसके बाद परिजन ने घटना की जानकारी मीडिया कर्मियों को दी। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर रामू से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि इस प्रकार का किसी मामले की मुझे जानकारी नहीं है। हालांकि अगर बच्चा ड्रेस में सदर अस्पताल इलाज कराने जाता है तो लोग मामूली बात को भी बढ़ा-चढ़ा कर बताते हैं। उन्होंने बताया कि मैं किसी काम से मुंबई में हूं और घटना की जानकारी मुझे नहीं है। हालांकि परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर मामले को दबाने का आरोप लगाया है।

## कार्यक्रम : रायडीह में हुआ प्रखंड स्तरीय सिदो कान्हू पुस्तकालय का उद्घाटन

# सुदूरवर्ती क्षेत्र में हाइटेक पुस्तकालय का शुभारंभ सराहनीय प्रयास है : सांसद सुदर्शन भगत

### पुस्तकालय संचालन के लिए सामूहिक सहभागिता की है आवश्यकता : उपायुक्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले में चल रही पुस्तकालय क्रांति के क्रम में आज सोमवार को रायडीह में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन सांसद सुदर्शन भगत एवं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी तथा अन्य माननीयों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रायडीह स्थित पुस्तकालय का नाम स्व. सिद्धो कान्हो मुर्मू के नाम से रखा गया। उक्त पुस्तकालय में हर एक प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तकें सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। हजारों की संख्या में विभिन्न विषय की पुस्तकें मौजूद हैं, जो किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सहायक सिद्ध होगी। इसके अलावा अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ 10 से अधिक कंप्यूटर भी लगाएं गए हैं।

मौके पर माननीय सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ऐसे सुदूरवर्ती इलाके में भी इतने हाईटेक सुविधाओं से लैस पुस्तकालय का निर्माण किया गया है जिसमें अभ्यर्थी बिना किसी संकोच के आकर अपनी पढ़ाई एक शांत वातावरण में कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को कुछ पुराने साहित्यिक किताबें जिसे वे पढ़ चुके हैं एवं सालों से अब वे उसे नहीं पढ़ते, वैसी किताबों को पुस्तकालय में दान करने का आग्रह भी किया। जिला प्रशासन को इस प्रकार की किताबों के लिए भी एक बुक बैंक बनाने की बात कही। उन्होंने अभ्यर्थियों से पुस्तकालय का पूर्ण उपयोग करते हुए इसका फायदा उठाने का सुझाव भी दिया।

इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी अभ्यर्थियों से उक्त पुस्तकालय का अधिक से अधिक सदुपयोग करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पुस्तकालय भवन निर्माण कर दिया गया है परंतु इसे जीवंत रूप देने की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों की होगी। इस दौरान उन्होंने ज्ञान दान अभियान से भी जुड़ने की अपील की एवं स्थानीय लोगों को पुस्तकालय संचालन में अपने क्षमता अनुसार सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

इस दौरान कार्यक्रम को उप विकास आयुक्त हेमंत सती एवं अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया।

इससे पूर्व सांसद एवं उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने भी पूरे पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पुस्तकालय में आए विद्यार्थियों से भी सभी ने मुलाकात कर उनके व्यक्तित्व निर्माण हेतु कई महत्वपूर्ण सलाह दिए।

# फाइलेरिया मरीजों के बीच व्हील चेयर और मॉर्बिडिटी किट वितरित

### सदर अस्पताल परिसर अंतर्गत समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अक्सर फाइलेरिया के मरीजों को दिव्यांगता का सामना करना पड़ता है। हाथी पांव की बीमारी से पैर के आवश्यकता से अधिक फुल जाने से मरीजों को चलने में समस्या आती है। जिससे वे दिव्यांगता की श्रेणी में आ जाते हैं। जिसे देखते हुए गुमला जिला के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पहल करते हुए फाइलेरिया के मरीजों को भी दिव्यांग के रूप में चिन्हित करते हुए उनका दिवायंग प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें दिव्यांगों को मिलने वाले सभी लाभ से आच्छादित करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज सोमवार को सदर अस्पताल परिसर अंतर्गत समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति में कार्यक्रम में जिले के चिन्हित 30 वैसे फाइलेरिया के मरीज जो दिव्यांग हो चुके हैं उन्हें चिन्हित करते हुए उनके बीच व्हील चेयर मॉर्बिडिटी किट का वितरण किया गया। मॉर्बिडिटी किट अंतर्गत टब, मग, साबुन, दवा, ऑइंटमेंट, तौलिया आदि जैसी वस्तुओं को शामिल किया गया है, ताकि मरीज अपने पैरों को नियमित रूप से साफ रखें। उक्त सभी मरीजों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क इलाज करवाया जा रहा है, परंतु इलाज के साथ-साथ साफ सफाई भी महत्वपूर्ण है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपायुक्त के समक्ष कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लगभग 3000 से अधिक फाइलेरिया के मरीजों को चिन्हित किया गया है। सभी मारीजों को जिला प्रशासन द्वारा सहायता प्रदान करने हेतु हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। फाइलेरिया के मरीजों के लिए चप्पलों की भी खरीद की जाएगी। इसके अलावा अन्य आवश्यक योजनाओं के साथ मरीजों को स्वस्थ बनाने हेतु महत्वपूर्ण कदम भी उठाए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप, एसीएमओ प्रमोद कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, डीपीएम हेल्थ, वीडीबी कंसल्टेंस शर्मिला शर्मा, संजय कुमार डीपीओ पिरामल फाउंडेशन, केयर इंडिया के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# राज्य खाद्य प्रयोगशाला में होगी नमक की जांच

### अधिकारियों ने शिकायतकर्ता कार्डधारी एवं राशन डीलर से मिलकर की सत्यता की जांच



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में राशन डीलर द्वारा आपूर्ति की जा रही नमक से बालू मिलने के बाद सोमवार को अंचलाधिकारी धनंजय पाठक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पूनम कच्छप, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक लव गुप्ता ने शिकायतकर्ता जोरी गांव निवासी कार्डधारी हरेंद्र साहू एवं राशन डीलर उमेश प्रसाद से मिलकर सत्यता की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने नमक में बालू मिलने से संबंधित शिकायतकर्ता हरेंद्र साहू से कई तरह के सवाल पूछे। वहीं कार्डधारी ने डीलर द्वारा दिए गए नमक में बालू मिलने की बात स्वीकार की, जबकि राशन डीलर ने कहा कि मेरे द्वारा अन्य कार्डधारी को भी नमक आपूर्ति की गई थी, जहां से अब तक बालू मिलने से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इधर अधिकारियों ने उमेश प्रसाद के गोदाम से चार पैकेट सीलबंद नमक को लिफाफे में सुरक्षित सील कर लैब जांच के लिए ले जाया गया। अंचलाधिकारी धनंजय पाठक ने कहा कि शिकायत के बाद विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ है। सीलबंद नमक को राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान चार अन्य कार्डधारी से भी नमक में बालू मिलने से संबंधित जांच की गई। हालांकि किसी भी लाभुक ने नमक में बालू मिलने की बात नहीं कही है।

# देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को किया गया। आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, शिवम इंडियन आर्ट के निदेशक शिवम सिंह, अनिरुद्ध चौबे व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं अतिथियों द्वारा घूम-घूम कर विभिन्न तरीके से बनाए गए पेंटिंग क्राफ्ट को देखा। जहां भगवान भोलेनाथ सहित कई व्यक्तियों के चित्र बनाए गए थे। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा कि इस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी से लोगों में सीखने का जज्बा बढ़ेगा। कई लोग इस क्षेत्र में बेहतर कर आय का साधन बना सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ इस क्षेत्र में भी बच्चे बेहतर करें। वहीं शिवम इंडियन आर्ट के निदेशक शिवम कुमार को अन्य बच्चों को बेहतर तरीके से आर्ट और क्राफ्ट बनाने के लिए शिक्षा देने की बात कही, ताकि कई बच्चे इस कला को सीख सकें और बेहतर कर आगे बढ़ सकें। इस मौके पर अनिरुद्ध चौबे, अशोक उरांव, विपिन बिहारी सिंह, विजय साहू, मुरली मनोहर सिंह, सुसित गोस्वामी, लव सिंह, सोनू पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : श्रावण मास की आखिरी सोमवारी को हीरादह धाम परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# सामूहिक जलाभिषेक, संकीर्तन, भंडारा, रक्षा बंधन और 'कल्प तरु' का हुआ रोपण

### 'कल्प तरु' वृक्ष का बहुत बड़ा महत्व है, इस पेड़ में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है : सुंदरम भारद्वाज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला, रायडीह प्रखंड, थाना सुरसांग अंतर्गत ग्राम पंचायत-पो. कोब्जा, राजस्व ग्राम रमजा में स्थित प्रधान केन्द्र श्री श्री 1008 श्री रामरेखा धाम के द्वारा संचालित श्री हिन्दू धर्म रक्षा उपकेन्द्र हीरादह धाम, भगवान भोलेनाथ के मंदिर प्रांगण में श्रावण मास के आखरी सोमवारी और रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर भगवान भोलेनाथ का सामूहिक जलाभिषेक, संकीर्तन, धार्मिक सत्संग प्रवचन, सामूहिक रक्षा बंधन, भण्डारा तथा कल्प तरु एवं सीता अशोक पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुन्दरम भारद्वाज सदस्य, सचिदानन्दन पंडा विशेष सलाहकार, अशोक सिंह मुख्य सचिव, रामसागर चिक बडाईक उपाध्यक्ष, केदारनाथ मिश्रा आचार्य, लक्ष्मण सिंह सह सचिव, सुखराम उरांव कोषाध्यक्ष, विश्वनाथ सिंह लेखापाल सदस्य, हरिनारायण सिंह, बिष्णु सिंह, सुदामा सिंह, जितवाहन सिंह, अमरनाथ सिंह, बुधराम सिंह, करमपाल सिंह, दयाराम सिंह, अजय कुमार यादव, सत्यनारायण सिंह, सदस्य संगीता देवी, सत्यवती देवी, कलावती देवी, बृन्दावती देवी, पार्वती देवी, श्री हिन्दू धर्म रक्षा उपकेन्द्र हीरादाह धाम समिति से तथा और भी अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्री भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'कल्प तरु' वृक्ष का बहुत बड़ा महत्व है। भगवान श्री कृष्ण ने सत्यभामा के जिक्र पर देवराज ईन्द्र देव से युद्ध कर के स्वर्ग से धरती पर लाए हैं। इस पेड़ की आयु 5000 से 6000 वर्ष तक की है। इस पेड़ में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है। जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से कल्प तरु वृक्ष के नीचे बैठकर भगवान विष्णु का ध्यान करता हो उनकी सारी मनोकामना पूर्ण होती हैं। हम सभी लोगों के लिए सौभाग्य है कि हीरादाह धाम परिसर में भी अब कल्प तरु वृक्ष लगाया गया है और सीता अशोक वृक्ष भी लगाया गया है। मां सीता श्री लंका में इसी वृक्ष के नीचे रावण के द्वारा अपहरण समय में कुछ समय बिताई थी। श्री पंडा ने रक्षा बंधन भाई बहन के पवित्र त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि रक्षा बंधन त्योहार हमारे सनातन हिन्दू धर्म का बहुत बड़ा त्योहार है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर में विहिप बजरंग दल ने किया भव्य भंडारे का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सावन के अंतिम सोमवारी को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें टांगीनाथ से लौटने वाले श्रद्धालुओं के बीच भंडारे में प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि सभी व्यक्ति में सेवा भाव होना जरूरी है। आज बजरंग दल हो या विश्व हिंदू परिषद सभी का कार्य बस सेवा संस्कार और सुरक्षा है। इसी को देखते हुए आज यह कार्यक्रम रखा गया है और आगे भी हम इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे। वहीं बजरंग दल के संयोजक नीलेश जयसवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उनसे संगठित रहने की बात कही। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चैनपुर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिसई प्रखंड के नये बीडीओ के रूप में रमेश कुमार यादव ने किया पदभार ग्रहण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नये बीडीओ के रूप में रमेश कुमार यादव ने प्रखंड का पदभार ग्रहण किया। सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में सोमवार को निर्वतमान बीडीओ सुनीला खलखो ने नये बीडीओ को पदभार सौंपते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत व शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। नये बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और प्रखंड वासियों से सहयोग व सामंजस्य स्थापित कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि उनकी दूसरी पोस्टिंग गुमला जिले के सिसई प्रखंड में हुई है। इससे पूर्व पहली पोस्टिंग लोहरदगा जिला के पेशरार में वर्ष 2020 में हुई थी। बीडीओ का पदभार ग्रहण करने के पश्चात सीओ अरुणिमा एक्का, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, दीपक अधिकारी, रोहित कुमार शर्मा सहित अन्य ने नये बीडीओ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रखंड में नये बीडीओ के रूप में पदभार ग्रहण करने पर क्षेत्र के सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, व्यवसायिक वर्ग, सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मियों सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# चुंदरी पंचायत से 350 श्रद्धालु बाबा टांगीनाथ धाम और सिरा सीताधाम पूजा एवं दर्शन के बस से हुए रवाना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत से 350 की संख्या में महिला पुरुष बाबा टांगीनाथ धाम और सिरा सीताधाम पूजा एवं दर्शन के लिए सोमवार को बस से रवाना हुए। इस आशय की जानकारी देते हुए चुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने बताया कि पिछले दो वर्षों से उक्त पंचायत से दोनों धामों के दर्शन और पूजन के लिए गांव से जाने की शुरुआत की गई थी। इसी के क्रम में दोनों जगह पूजा दर्शन के लिए लोग पुनः गये थे। पंचायत वासियों ने बाबा भोलेनाथ से खुशहाली हरियाली एवं पंचायत के विकास की मन्नतें मांगी, ताकि गांव के लोग खुशहाल रहें। मौके पर मुखिया विनीता कुमारी, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, निलेश मनी पाठक संजय ठाकुर, अलका ठाकुर, संजेश उरांव, कनक भगत, महादेव उरांव, कैलाश महतो, हरिश्चंद्र साहू, प्रकाश भगत, मुनेश्वर उरांव, अनिल भगत, राजकुमार सिंह, प्रियंका पाठक, शाश्वत पाठक, मंटू पाठक संध्या कुमारी, संतोषी देवी सहित कई महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने कांवर यात्रा निकाल देवाकी बाबाधाम में किया जलाभिषेक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ मोहल्ला घाघरा से कांवरिया संघ छठ नगर द्वारा देवाकी बाबा धाम के लिए सोमवार को कांवर यात्रा निकाली गयी। कांवर यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। कांवर यात्रा की शुरुआत छठ मोहल्ला स्थित नदी में आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरी कराई गई। वहीं कांवर यात्रा शुरू होकर थाना चौक चांदनी चौक होते हुए देवाकी बाबा धाम भक्ति डीजे के गीतों पर झूमते हुए पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इस क्रम में तीन फीट ऊंचाई की भोलेनाथ का शिवलिंग नन्दी भी कांवर यात्रा में लेकर चल रहे थे। मौके पर आशीष सोनी, अमित ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कांवर यात्रा विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर छठ मोहल्ला स्थित नदी से जल उठाकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर पदयात्रा करते हुए पहुंच जलाभिषेक करते हैं। भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करें। इस मौके पर उपस्थित लोगों में अमित कुमार ठाकुर, आशीष सोनी, अजय गुप्ता, शिवम साहू, अर्श राज गुप्ता, ऋतिक सोनी, मंटू ठाकुर, सत्यम गुप्ता, अमन ठाकुर, रूपेश साहू, शिवम साहू, शशि सिंह, सोला सिंह, नीरज सिंह, नीरज जायसवाल, रूपेश साहू, सतवंती देवी, सालावंती देवी, आंचल देवी, प्रभा देवी, आभा देवी सहित कई महिला-पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

# जारी में कांग्रेस लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन संबंधी बैठक आयोजित



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत आदिवासी कला केंद्र भवन में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के संबंध में बैठक रखी गयी। जिसमें जारी प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए। साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करें। मौके पर जारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, मंडल अध्यक्ष रिजवान अंसारी, दुलार मिंज, साहजेब खान सहित दर्जनों कंग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

